दिन– रविवार

दिनांक– 24 / 05 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से।

अवधि – 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा – राज्य में उद्योग, व्यापार, निवेश और रोजगार के लिए बेहतर माहौल किया जा रहा है तैयार ।

02. प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए नई शिक्षा नीति सख्ती से की जाएगी लागू।

03. उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा – सरकार पेट्रोल–डीजल की बढ़ती कीमत पर नियंत्रण का प्रयास कर रही है।

04. और, प्रदेश के दक्षिणी भागों में भीषण गर्मी का प्रकोप। मौसम विभाग ने बक्सर, भोजपुर, कैमूर, रोहतास समेत प्रदेश के दक्षिण–पश्चिम भागों में लू का अलर्ट जारी किया।

**अब समाचार विस्तार से.........**

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि राज्य में उद्योग, व्यापार, निवेश और रोजगार के लिए बेहतर माहौल तैयार किया जा रहा है। श्री चौधरी ने पटना में बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यवसायीयों को भरोसा दिया कि सुरक्षा और सुविधा के मानकों पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

––साउंड बाइट––

मुख्यमंत्री ने उद्योग संघों और व्यवसायिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ संवाद कर उनकी समस्याएं समझी और उनके निदान का आश्वासन भी दिया।

---

शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा है कि प्रदेश में नई शिक्षा नीति सख्ती से लागू की जाएगी। पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री तिवारी ने कहा कि प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए विभाग लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षण कार्य में लापरवाही किसी भी स्तर पर सहन नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में बेहतर पढ़ाई हो, इसके लिए शौचालय, मीड–डे मिल, बेंच–टेबल समेत सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।

---

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि खाड़ी देशों में युद्ध के कारण उत्पन्न संकट से पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ रहे हैं। पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि सरकार इस पर नियंत्रण का प्रयास कर रही है। लोगों को भी इसमें सहयोग करना चाहिए।

--साउंड बाइट--

---

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश के विभिन्न भागों में दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का आयोजन कर रही है। इसके तहत कार्यकर्ताओं को संगठन के विचार, व्यवस्था और संपर्क माध्यमों से परिचित कराया जा रहा है। रोहतास में आयोजित महाअभियान में आज राज्य के खनन एवं भूतत्व विभाग के मंत्री प्रमोद कुमार शामिल हुए।

---

इधर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने पश्चिम चंपारण जिले के चनपटिया में दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के समापन कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने के अनुरूप वर्ष दो हजार सैंतालीस तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है।

--साउंड बाइट--

---

नगर विकास मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा है कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के ड्रीम प्रोजेक्ट सैटेलाइट सिटी पर काम शुरू कर दिया गया है। श्री मिश्रा शेखपुरा जिले में भाजपा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण सत्र कों संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उनका विभाग लोगों को नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए जिला कार्य योजना तैयार कर रहा है।

--साउंड बाइट-- .

---

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने विधान परिषद के आगामी चुनाव में सारण और तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवार उतारने की घोषणा की है। पटना में पार्टी की आज हुई बैठक में सारण से विद्यासागर विद्यार्थी और तिरहुत निर्वाचन क्षेत्र से प्रोफेसर संजय कुमार सिंह को प्रत्याशी बनाने का निर्णय लिया गया। पार्टी के प्रदेश सचिव राम नरेश पांडेय ने बताया कि महागठबंधन के अन्य दलों के साथ समन्वय बनाकर संयुक्त उम्मीदवार दिये जाने पर भी विचार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बैठक में पच्चीस मई को सभी जिला मुख्यालयों पर किसान सभा, दस जून को गया में किसान महापंचायत और छह से पंद्रह अगस्त तक प्रदेश की सभी प्रखंडों में पदयात्रा निकालने का भी निर्णय किया गया है।

---

"एक भारत, श्रेष्ठ भारत" अभियान के तहत युवा संगम के छठे चरण में पंजाब से आए प्रतिनिधियों के लिए आज आईआईटी पटना में स्वागत सह ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एक रिपोर्ट...

––रिपोर्ट––

आईआईटी पटना के सीनेट हॉल में आयोजित युवा संगम कार्यक्रम में विभिन्न संस्थानों के युवा शामिल हुए। पंजाब से आए प्रतिनिधियों का स्वागत किया गया और उन्हें बिहार की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक विरासत से अवगत कराया गया। डीजीपी विनय कुमार ने अपने संबोधन में युवाओं से देश की विविध संस्कृति को समझने, आपसी संवाद बढ़ाने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। उन्होंने अपने शुरूआती दिनों को याद भी किया।

––साउंड बाइट––

आईआईटी पटना के निदेशक प्रोफेसर टी. एन. सिंह ने कहा कि पंजाब से आए छात्रों को राज्य के ऐतिहासिक सांस्कृतिक स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा।

––साउंड बाइट––

कार्यक्रम में विधायक सुरेंद्र मेहता समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। युवा संगम कार्यक्रम देश के विभिन्न राज्यों के युवाओं को एक–दूसरे की संस्कृति, परंपरा और विकास मॉडल को समझने का अवसर प्रदान करता है। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

---

केंद्र सरकार ने विकसित भारत–जी राम जी अधिनियम, दो हजार पच्चीस के अंतर्गत व्यापक जन परामर्श के लिए प्रारूप प्रकाशित किया है। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने कहा कि कोई भी व्यक्ति, हितधारक, संगठन और संस्था इक्कीस जून तक प्रारूप के बारे में आपत्ति तथा सुझाव दे सकते हैं। अधिनियम में एक वर्ष में एक सौ पच्चीस दिन के रोजगार की गारंटी दी गई है। इसके अनुसार निर्धारित समय में काम न मिलने पर बेरोजगारी भत्ता देने का भी प्रावधान है।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक और राजेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के पूर्व कुलपति डॉ. गोपाल जी त्रिवेदी समेत बिहार की तीन विभूतियों को पद्मश्री सम्मान प्रदान करेंगी। लोकप्रिय कलाकार विश्वबंधु को डोमकच नृत्य को मुख्य धारा में लाने के लिए पदम्श्री सम्मान दिया जायेगा। वहीं, भोजपुरी लोक गायक भरत सिंह भारती को कला के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए पदम्श्री दिया जायेगा। डॉ. त्रिवेदी और विश्वबंधु को मरणोपरांत पदम्श्री सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

---

प्रदेश के दक्षिण भागों में प्रचंड गर्मी का दौर जारी है। अधिकतर स्थानों पर पारा चालीस डिग्री के पार हो गया है। विभाग की रिपोर्ट के अनुसार रोहतास का डेहरी राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापमान पैंतालीस दशमलव एक डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान बक्सर, भोजपुर, कैमूर, रोहतास, भभुआ, औरंगाबाद, अरवल और गया जिले में लू चलने की संभावना जताई है।

––साउंड बाइट––

इधर, राज्य के उत्तरी भागों में निम्न दवाब का क्षेत्र बनने के कारण आंधी, बारिश और वज्रपात की परिस्थितियां बनी हुयी है। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया और कटिहार जिलों में कुछ स्थानों पर आंधी–बारिश का अलर्ट जारी किया है।

––साउंड बाइट––

---

संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा का आज पटना समेत प्रदेशभर के विभिन्न केंद्रों पर शांतिपूर्वक आयोजन किया गया। पहली पाली की परीक्षा सुबह साढ़े नौ बजे से साढ़े ग्यारह बजे तक, जबकि दूसरी पाली की परीक्षा अपराह्न ढाई बजे से साढ़े चार बजे हुई। इस दौरान विभिनन केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये थे।

---

युवा, रोजगार और कौशल विकास विभाग की ओर से पटना के ज्ञान भवन में कल से तीन दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में स्वास्थ्य और इससे सम्बद्ध क्षेत्र की कई कंपनियां भाग ले रही हैं। इच्छुक अभ्यर्थी बिहार रोजगार सेतु पोर्टल पर पंजीकरण कर नियोजक संस्थानों में आवेदन दे सकते हैं तथा स्लॉट बुक करा सकते हैं। टोल फ्री नंबर 1800—296—5656 पर संपर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

---

सेना की खुफिया एजेंसी और राज्य पुलिस की एसटीएफ टीम ने पूर्वी चंपारण के मोतिहारी से जाली नोट का नेटवर्क चलाने वाले गिरोह के सरगना सुशील तिवारी उर्फ दया तिवारी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधी पर भारत, नेपाल और बांग्लादेश में जाली नोटों से जुड़े कई मामले दर्ज हैं। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि सुशील तिवारी की गिरफ्तारी के लिए कई केंद्रीय और राज्य स्तरीय एजेंसियां लगातार काम कर रही थी।

---

मुंगेर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत बाकरपुर गांव में संयुक्त कार्रवाई कर पुलिस और एसटीएफ की टीम ने तीन हथियार तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक सैय्यद ईमरान मसूद ने बताया कि पकड़े गए अपराधियों के पास से एक देशी पिस्तौल, मैग्जीन, भारी संख्या में कारतस, साढ़े चार लाख रुपये नकद समेत अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद किये हैं।

---

शेखपुरा जिले की बरबीघा थाना पुलिस में सोशल मीडिया पर हथियार लहराने के मामले में दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवकों के पास से देसी पिस्तौल और तीन संदिग्ध मोबाइल बरामद किए गए। दोनों से प्रारंभिक पूछताछ के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया है।

---

साइबर थाना पुलिस ने शेखपुरा जिले के शेखोपुरसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत कतरीसराय कबीरपुर पथ पर गश्ती के दौरान एक साइबर ठग को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। जबकि उसका एक दूसरा साथी फरार हो गया। पुलिस फरार अपराधी की गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही है।

सुपौल जिले के बीरपुर में सशस्त्र सीमा बल, द्वारा फिट इंडिया मूवमेंट के तहत साइकिल रैली निकाली गई। वाहिनी मुख्यालय बीरपुर से सीमा चौकी कटैया तक आयोजित रैली का उद्देश्य सीमा क्षेत्र के लोगों और जवानों के बीच स्वास्थ्य, फिटनेस, पर्यावरण संरक्षण और नियमित व्यायाम के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

रोहतास जिला मुख्यालय, सासाराम स्थित महात्मा फुले मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जिले का स्थापना दिवस मनाया गया। समारोह में छात्र, शिक्षक और अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए।

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा – राज्य में उद्योग, व्यापार, निवेश और रोजगार के लिए बेहतर माहौल किया जा रहा है तैयार ।

02. प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए नई शिक्षा नीति सख्ती से की जाएगी लागू।

03. उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा – सरकार पेट्रोल–डीजल की बढ़ती कीमत पर नियंत्रण का प्रयास कर रही है।

04. और, प्रदेश के दक्षिणी भागों में भीषण गर्मी का प्रकोप। मौसम विभाग ने बक्सर, भोजपुर, कैमूर, रोहतास समेत प्रदेश के दक्षिण–पश्चिम भागों में लू का अलर्ट जारी किया।

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।